# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 12 मई 2021

## मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सीजी टीका वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

## गरीब, निराश्रित और अंत्योदय सहित ऐसे लोग जिनके पास मोबाइल नहीं, उनका भी हो सकेगा पंजीयन

- मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोरोना से बचाव के लिए राज्य के 18 से 44 आयु के सभी वर्ग के लोगों के लिए सुविधाजनक तरीके से टीका लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सीजी टीका वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह वेब पोर्टल चिप्स द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें ऑनलाईन पंजीयन के साथ-साथ यह सुविधा भी उपलब्ध है तथा जिन हितग्राहियों के पास मोबाइल अथवा नेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है ऐसे हितग्राहियों के लिए पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकायों के मुख्यालयों एवं नगर निगमों इत्यादि विभिन्न स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे जहाँ ऐसे हितग्राही अपना पंजीयन इस वेब पोर्टल में कराकर टीका लगवा सकते हैं। इस अभिनव पहल से लोगों को अब कोरोना का टीका लगवाने के लिए न तो लम्बी लाइनें लगानी पड़ेंगी न ही समय गंवाना पड़ेगा।
- सीजी टीका वेब पोर्टल में पंजीयन के लिए लिंक http://cgteeka-cgstate-gov-in/user&registration पर जानकारी अपलोड करनी होगी। पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित व्यक्ति को टीकाकरण के स्थान और समय की जानकारी एसएमएस के जरिए मिल जाएगी।

## प्रदेश में कोरोना जांच का बना नया रिकॉर्ड, आज एक ही दिन में हुए 71 हजार से अधिक सैंपलों की जांच

## छत्तीसगढ़ में आज पॉजिटिविटी दर 14 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर पिछले एक सप्ताह से लगातार घट रही है। आज 12 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 14 प्रतिशत है। 12 मई को प्रदेश भर में हुए 71 हजार 138 सैंपलों की जांच में से 10,150 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में 13 मई से सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे रेपिड एंटिजन टेस्टिंग की सुविधा

- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले मरीजों की जांच के लिए छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगम क्षेत्रों में 13 मई से सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे रेपिड एंटिजन टेस्टिंग की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए 14 नगर निगम क्षेत्रों में कुल 49 जांच केन्द्र बनाए गए हैं। लोग दिन या रात में किसी भी समय इन केन्द्रों में जाकर जांच करा सकेंगे। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 11 जांच केन्द्र, बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 10 केन्द्र, भिलाई नगर निगम में 5 केन्द्र, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा और अम्बिकापुर नगर निगम में तीन-तीन केन्द्र, चिरमिरी और जगदलपुर नगर निगम में दो-दो केन्द्र तथा बिरगांव, धमतरी, भिलाई-चरोदा, रिसाली में एक-एक केन्द्र बनाए गए हैं।

- रायपुर नगर निगम में 11 जांच केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - खोखोपारा, डी.डी. नगर, हीरापुर, गोगांव, राजातालाब, देवपुरी, मोवा, भाठागांव, भनपुरी, गुढ़ियारी तथा जिला अस्पताल पंडरी शामिल है। इसी तरह बिरगांव नगर निगम में एक केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रांवाभाटा बनाया गया है। धमतरी नगर निगम में एक केन्द्र शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इतवारी बाजार में बनाया गया है। भिलाई में 5 केन्द्र कोहका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र - वैशाली नगर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - बैकुण्ठधाम, खुर्सीपार एवं लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला बनाए गए हैं। दुर्ग नगर निगम में 3 केन्द्र यूपीएचसी पोटिया, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल धमधानाका, यूपीएचसी बघेरा बनाया गया है। भिलाई-चरोदा में एक केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3, रिसाली में एक केन्द्र यूपीएचसी टंकी मरोदा रिसाली बनाया गया है। राजनांदगांव नगर निगम में 3 केन्द्र दिग्विजय स्टेडियम, गांधी सभागृह, पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ बनाए गए हैं।

- इसी तरह बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 10 जांच केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें जिला अस्पताल बिलासपुर, सिम्स हॉस्पिटल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - बंधवापारा, गांधी चौक तथा व्यायाम शाला टेस्टिंग सेंटर, तिलक नगर टेस्टिंग सेंटर, आयुर्वेद कॉलेज टेस्टिंग सेंटर, रेल्वे हॉस्पिटल, रेल्वे स्टेशन टेस्टिंग सेंटर और ड्राईव टेस्टिंग फेसलिटी सिटी बस स्टैण्ड शामिल है। कोरबा नगर निगम में 3 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें जिला हॉस्पिटल सैंपलिंग सेंटर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (यूपीएचसी) डोडीपारा और रानी धनराज कंवर पीएचसी पुरानी बस्ती कोरबा शामिल है। रायगढ़ नगर निगम में 3 केन्द्र चनमारी टेस्टिंग सेंटर सर्किक ह०उस रोड़, न्यू ऑडिटोरियम टेस्टिंग सेंटर पंजारी प्लोट, जिला अस्पताल टेस्टिंग सेंटर गोपी टाकिज रोड़ बनाए गए हैं। इसी तरह अम्बिकापुर नगर निगम में 3 केन्द्र जिला अस्पताल, राजमोहिनी सामुदायिक भवन बनारस रोड़ और साई ह०स्टल गांधी चौक बनाए गए हैं। चिरमिरी नगर निगम में 2 केन्द्र सीएचसी बड़ी बाजार और यूपीएचसी डोमनहिल चिरमिरी बनाए गए हैं। इसी तरह नगर निगम जगदलपुर में 2 जांच केन्द्र शॉपिंग काम्पेलक्स चांदनी चौक और नगरगुड़ी भवन में बनाए गए है।

## बैकुंठपुर में भी आरटीपीसीआर जांच की सुविधा

- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव द्वारा आज कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कोरोना सैंपलों की आरटीपीसीआर जांच के लिए वायरोलॉजी लैब का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। इस नए लैब को मिलाकर अब प्रदेश के दस शासकीय लैबों में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा हो गई है। इससे रोजाना आरटीपीसीआर जांच की संख्या बढ़ने के साथ ही लोगों को रिपोर्ट भी जल्दी मिलने लगेगी। बैकुंठपुर में वायरोलॉजी लैब की शुरूआत के साथ ही सरगुजा संभाग में कोरोना सैंपलों की आरटीपीसीआर जांच के लिए अब दो केन्द्र हो गए हैं।

## 18 से 44 आयु वर्ग का टीकाकरण

**आज दिनांक 12 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3,04,349 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है।**

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 997 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 62,145 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 6293, बीपीएल के 32805, एपीएल के 10482, फ्रंटलाइन वर्कर के 12565 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

## वर्चुअल टेली ओपीडी सेवा के माध्यम से मरीज चिकित्सकों से ले रहें सलाह

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में कोरोना के इस संकट काल में लोगों को घर बैठे विशेषज्ञों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. सेवा का लाभ मरीज ले रहें हैं। मरीज राज्य के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉल के जरिये अपनी समस्या विशेषज्ञों को बताकर सीधे सलाह प्राप्त कर रहें हैं। वर्चुअल ओ.पी.डी. में स्मार्टफोन व इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन अवकाश दिवस को छोड़कर सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक ऑनलाइन जुड़कर अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों से सीधे स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवा निशुल्क ले सकते हैं।

- लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

  https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

  Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

- यदि किसी व्यक्ति को इस लिंक के माध्यम में जुड़ने में कठिनाई हो रही है तो दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 10150 |
| | | कुल | 883210 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 726 |
| | | कुल* | 135576 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 8309 |
| | | कुल* | 613742 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 9035 |
| | | कुल | 749318 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 122798 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 153 | कोविड–19 | 63 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 90 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 71,138**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 12-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 300 | 93095 | 41 | 12622 | 362 | 74355 | 86977 | 4500 | 24 | 1618 |
| 2 | राजनांदगांव | 272 | 53765 | 63 | 11553 | 222 | 36666 | 48219 | 5102 | 1 | 444 |
| 3 | बालोद | 300 | 24270 | 72 | 7288 | 232 | 13150 | 20438 | 3529 | 4 | 303 |
| 4 | बेमेतरा | 148 | 18484 | 14 | 3040 | 224 | 13100 | 16140 | 2151 | 2 | 193 |
| 5 | कबीरधाम | 333 | 20798 | 7 | 2035 | 422 | 14593 | 16628 | 3948 | 2 | 222 |
| 6 | रायपुर | 605 | 151211 | 86 | 26515 | 536 | 112878 | 139393 | 8929 | 20 | 2889 |
| 7 | धमतरी | 311 | 23757 | 2 | 1937 | 262 | 17622 | 19559 | 3743 | 5 | 455 |
| 8 | बलौदाबाजार | 571 | 36787 | 37 | 7411 | 278 | 23757 | 31168 | 5270 | 13 | 349 |
| 9 | महासमुंद | 302 | 27816 | 15 | 3289 | 425 | 19701 | 22990 | 4537 | 3 | 289 |
| 10 | गरियाबंद | 216 | 17384 | 48 | 3095 | 246 | 11902 | 14997 | 2224 | 1 | 163 |
| 11 | बिलासपुर | 520 | 61413 | 64 | 5535 | 481 | 47724 | 53259 | 7148 | 10 | 1006 |
| 12 | रायगढ़ | 884 | 54350 | 18 | 9905 | 775 | 32404 | 42309 | 11332 | 11 | 709 |
| 13 | कोरबा | 672 | 48878 | 12 | 3806 | 533 | 36435 | 40241 | 8177 | 9 | 460 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 522 | 49505 | 54 | 6764 | 385 | 32420 | 39184 | 9730 | 11 | 591 |
| 15 | मुंगेली | 566 | 20407 | 3 | 722 | 549 | 13818 | 14540 | 5754 | 1 | 113 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 224 | 9480 | 11 | 455 | 320 | 5868 | 6323 | 3082 | 4 | 75 |
| 17 | सरगुजा | 428 | 26188 | 3 | 2871 | 260 | 18587 | 21458 | 4534 | 6 | 196 |
| 18 | कोरिया | 583 | 19830 | 1 | 1304 | 271 | 12787 | 14091 | 5625 | | 114 |
| 19 | सूरजपुर | 582 | 21346 | 41 | 1641 | 307 | 14653 | 16294 | 4938 | 3 | 114 |
| 20 | बलरामपुर | 465 | 14173 | 0 | 1251 | 257 | 9037 | 10288 | 3803 | 3 | 82 |
| 21 | जशपुर | 549 | 20433 | 13 | 3286 | 346 | 11777 | 15063 | 5236 | 5 | 134 |
| 22 | बस्तर | 177 | 16161 | 12 | 3576 | 67 | 10741 | 14317 | 1704 | 4 | 140 |
| 23 | कोंडागांव | 99 | 10689 | 2 | 1422 | 124 | 7405 | 8827 | 1779 | 3 | 83 |
| 24 | दंतेवाडा | 58 | 8529 | 24 | 3643 | 29 | 4255 | 7898 | 612 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 34 | 5161 | 24 | 2763 | 23 | 2063 | 4826 | 321 | | 14 |
| 26 | कांकेर | 329 | 20579 | 8 | 2629 | 353 | 13451 | 16080 | 4320 | 3 | 179 |
| 27 | नारायणपुर | 69 | 2894 | 26 | 1919 | 9 | 534 | 2453 | 431 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 28 | 5169 | 24 | 2768 | 11 | 2059 | 4827 | 313 | | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 3 | 658 | 1 | 531 | 0 | 0 | 531 | 26 | 5 | 101 |
| **महायोग** | | 10150 | 883210 | 726 | 135576 | 8309 | 613742 | 749318 | 122798 | 153 | 11094 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**

⟵ मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ⟶